पंजाब केसरी 29/09/2024

पुलिस ने दी नियम एवं कानून की जानकारी

जी.एम.एन. कॉलेज में विद्यार्थियों को कानूनों की जानकारी देतीं पुलिस अधिकारी। (देवदत्त)

अम्बाला, 28 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में शनिवार को वाई.आर.सी. यूनिट द्वारा दुर्गा शक्ति टीम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से कॉलेज के विद्यार्थियों एवं सभी स्टाफ के सदस्यों को महिला सुरक्षा, आत्म सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं यातायात नियमों की पालना के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल एवं वाई.आर.सी. के इंचार्ज डा. राकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा डायल-112 ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस अम्बाला वासियों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। हम सभी को यातायात के नियमों का पालन करके अपनी और दूसरों की अमूल्य जीवन की सुरक्षा करनी चाहिए। कहीं पर भी कुछ भी आपराधिक घटना का आभास होते ही तुरंत पुलिस में सूचना देना हमारा पहला कर्त्तव्य है। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा ट्रिप मॉनीटरिंग सर्विस के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई।